**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 01.09.2026 (सुबह – 0830 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड और बिहार के बीच सोन नदी के जल बंटवारे पर हुआ समझौता, दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में हुई बैठक में दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री हुए शामिल।**
2. **नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने केन्द्रीय गृह मंत्री को लिखा पत्र, संथाल परगना में घुसपैठ की जांच और डिटेंशन सेंटर की मांग।**
3. **प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर का दो दिवसीय धनबाद दौरा, मुनीडीह कोल बेड मीथेन परियोजना का किया निरीक्षण, अक्टूबर 2027 से गैस बिक्री की तैयारी।**
4. **दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में 6 सितंबर तक इंजीनियरिंग और सिग्नल कार्यों के लिए रोलिंग ब्लॉक, टाटानगर–गोमो सहित कई रूटों की प्रभावित रहेंगी ट्रेनें।**
5. **खूंटी, सिमडेगा समेत राज्य के 9 जिलों में आज बहुत भारी बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट।**

**********************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में कल नई दिल्ली में बिहार और झारखंड के बीच सोन नदी के जल बंटवारे को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए, जिसमें झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शामिल हुए। इस समझौते के तहत बिहार को 5.75 एमएएफ और झारखंड को 2.00 एमएएफ जल आवंटित किया गया है। इससे झारखंड के पलामू, गढ़वा सहित आसपास के क्षेत्रों में सिंचाई और पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जल बंटवारे के समाधान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताया।

**********************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ और जनसांख्यिकीय बदलाव पर चिंता जताई है। उन्होंने 2019 से 2024 के मतदाता आंकड़ों का हवाला देते हुए पाकुड़, राजमहल, लिट्टीपाड़ा सहित 14 विधानसभा क्षेत्रों में एक विशेष समुदाय की वृद्धि दर अन्य की तुलना में काफी अधिक होने का दावा किया। श्री मरांडी ने आरोप लगाया कि फर्जी दस्तावेजों के जरिए सरकारी और आदिवासी भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है, और इसमें राजनीतिक संरक्षण भी दिया जा रहा है। उन्होंने केंद्र के पर्यवेक्षण में विशेष अभियान, खतियानों का सत्यापन और संथाल परगना में डिटेंशन सेंटर बनाकर घुसपैठियों की पहचान कर निर्वासन की मांग की है।

**********************

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ मिशन, एचएमआईएस, आईसीयू, सीसीटीवी, डैशबोर्ड और एचआरआईएस सहित विभिन्न डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने ऑनलाइन अपॉइंटमेंट और डिजिटल पेमेंट की सुविधा 15 दिनों के भीतर शुरू करने तथा राज्य के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**********************

चुनाव आयोग की ओर से राजधानी रांची में कल से मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता पंजी विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि वोटर रजिस्ट्रेशन एंड वोटर रजिस्टर' विषय पर होने वाले इस सम्मेलन के लिए अब तक 59 रिसर्च पेपर प्राप्त हो चुके हैं

**********************

लातेहार में जिला प्रशासन और डीएमएफटी फंड के सहयोग से किसानों द्वारा उत्पादित प्रसिद्ध जीराफूल चावल की 6.70 मीट्रिक टन खेप को गुड़गांव–दिल्ली के लिए रवाना किया गया।उपायुक्त संदीप कुमार, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद और डीपीएम जेएसएलपीएस संतोष कुमार ने समाहरणालय परिसर से वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महुआडांड़ एफपीसी के माध्यम से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'किसान से' पर भेजी गई इस खेप का उद्देश्य किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना, उनकी आय बढ़ाना और जीराफूल चावल को व्यापक बाजार एवं पहचान दिलाना है।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सलाहकार तरुण कपूर दो दिवसीय दौरे पर धनबाद स्थित बीसीसीएल पहुंचे, जहां उन्होंने कोयला भवन में कंपनी के उत्पादन, डिस्पैच और भविष्य की योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। श्री कपूर ने पुटकी स्थित मुनीडीह में कोल बेड मीथेन ब्लॉक–1 परियोजना का निरीक्षण किया। पत्रकारों से बातचीत में तरुण कपूर ने बताया कि कोल बेड मीथेन गैस का इस्तेमाल भविष्य में सीएनजी और घरेलू गैस के तौर पर किया जा सकता है।

**********************

केन्द्र सरकार ने देश में चिप निर्माण इको सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए एक लाख 27 हजार करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ सेमीकॉन योजना के दूसरे चरण को अधिसूचित किया है। इसके साथ भारत आने वाले वर्षों में वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग बाजार का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा हासिल कर सकता है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में बताया कि भारत में विकसित हो रहे सेमीकंडक्टर इको सिस्टम से प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की भी उम्मीद है।

**********************

दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में 6 सितंबर तक इंजीनियरिंग और सिग्नल कार्यों के लिए रोलिंग ब्लॉक के कारण टाटानगर–गोमो सहित कई रूटों की ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इस अवधि में आसनसोल–आद्रा, आद्रा–मिदनापुर और आद्रा–विष्णुपुर मेमू रद्द रहेंगी, जबकि गोमो–चक्रधरपुर एक्सप्रेस और चक्रधरपुर–गोमो मेमू महुदा तक ही चलेंगी। खड़गपुर–हटिया एक्सप्रेस 2, 5 और 6 सितंबर को आद्रा में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति जांचने की सलाह दी है।

***************************

खूंटी, गुमला सिमडेगा समेत राज्य के 9 जिलों में आज बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है । अन्य जिलों के लिए भारी बारिश, वज्रपात और आंधी का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

***************************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

सोन नदी जल बंटवारे की खबर को रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अपनी सुर्खी बनाई है।

**हिन्दुस्तान** के शब्द हैं–झारखंड और बिहार के बीच 25 साल पुराना सोन नदी जल विवाद खत्म।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है–मानसरोवर गए पोटका के दंपती नेपाल में लापता।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है–मेसी ने अंतराष्ट्रीय फुटबॉल को कहा अलविदा।

**दैनिक जागरण** लिखता है–सिविल जज परीक्षा रद करने के मामले की सुनवाई एकल पीठ में होगी।

************समाप्त**************